Attachment 2.1

# प्रतिवेदन

## (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

**परियोजना का नामः— जनपद चम्पावत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत धौन से बडोली मोटर मार्ग का निर्माण।**

उपरोक्त परियोजना की स्वीकृति शासनादेश संख्या 2491/पी0 3—14/यू0आर0आर0डी0ए0/10 दिनांक 18.03.2010 के द्वारा 250—499 तक जनंसख्या वाली असंयोजित व बसावटों को बारह मासी सम्पर्क मार्गों से संयोजित करने हेतु 8.00 कि0मी0 की प्राप्त हुई है। जिसके विरुद्व ग्राम बडोली तक इस मार्ग की वास्तविक लम्बाई 6.550 कि0मी0 ही आ रही है। 6.550 कि0मी0 में ग्राम बडोली जुड़ रहा है, इस मार्ग का समरेखण टनकपुर—तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग के कि0मी0 59.00 स्वाला नामक स्थान से किया गया है। इस मार्ग में ग्राम स्वाला, बस्टियागूँठ, मझेड़ा, ध्यानभण्डारी, बडोली की वनपंचायत भूमि, नाप भूमि एवं सिविल सोयम भूमि पड़ती है।

ग्राम बडोली में अभी तक कोई भी मोटर मार्ग नहीं है। इस क्षेत्र का विकास खण्ड व तहसील, जिला मुख्यालय चम्पावत है। इस मार्ग में लगभग 558 जनसंख्या निवास करती है, इस क्षेत्र में अभी तक कोई भी मोटर मार्ग न होने के कारण कृषकों को अपनी पैदावार जैसे साग—सब्जी फल इत्यादि का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। कृषि में इस क्षेत्र में काफी पैदावर होती है।

अतः इस मार्ग निर्माण में प्रभावित 3.360 हेक्टे0 वनभूमि प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित किये जा रहे है, वनभूमि स्वीकृति उपरान्त इस मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा ताकि क्षेत्रीय जनता को यातायात की सुविधा प्रदान की जा सकें।

ह 0/—

Assistant Engineer
Irrigation Division P W D
P.I.U.P.M.G.S.Y. Champawat

प्रयोक्ता एजेन्सी

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड (लो०नि०वि०)
चम्पावत